सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 133 | इंदौर, मंगलवार 21 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Video: टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में पीएम मोदी के जाने का वीडियो आया सामने, सबको दिल्ली आने का दिया निमंत्रण
2. Uttarkashi Tunnel Collapse : श्रमिकों से वॉकी-टॉकी से होगी बात, पीएम मोदी ने सीएम से फोन पर लिया फीडबैक
3. Israel Hamas: इस्राइल-हमास के बीच युद्धविराम समझौता होने के करीब, हमास चीफ का बड़ा दावा
4. Bihar : आईएएस अफसर की कार से कुचलकर तीन की मौत, नेशनल हाइवे जाम; लोग कर रहे हंगामा, मृतकों में एक महिला
5. Canada: खालिस्तानी समर्थकों ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाने की दी धमकी, भारतवंशी सासंद ने की कार्रवाई की मांग
6. India vs Qatar: आज फुटबॉल में चमत्कार की उम्मीद, कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालिफायर में उतरेगा भारत

# अगले मुख्य सचिव को लेकर कयासों का दौर

◆ बैंस 29 नवंबर को रिटायर हो जाएंगे; चर्चाओं में वीरा राणा समेत सीनियर अफसरों के नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। इन दिनों मंत्रालय के गलियारों में अगले मुख्य सचिव को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। 29 नवंबर को वर्तमान मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस रिटायर हो जाएंगे। उनके रिटायर होने के पूर्व वीरा राणा समेत सीनियर अधिकारियों के नाम इस पद के लिए चर्चा में है।

वीरा राणा, IAS



डॉ. राजेश राजौरा, IAS



दरअसल बैंस को इससे पहले 6-6 माह के दो एक्सटेंशन मिल चुके हैं। चूंकि अभी आचार संहिता लगी है ऐसे में चुनाव आयोग ही इस मसले पर कोई फैसला लेगा। संकेत मिले हैं कि नई सरकार बनने तक सीनियरिटी के आधार पर सीनियर अफसर को इसका चार्ज मिल सकता है। अगर ऐसा हुआ तो वीरा राणा को मुख्य सचिव का प्रभार दिया जाएगा।

मतगणना से नई सरकार के गठन होने तक कोई अल्पकालिक मुख्य सचिव बनेगा या फिर किसी की स्थायी तौर पर पोस्टिंग होगी, इसको लेकर आईएएस लॉबी में चर्चा जोरों पर है।

### ◆ इन अफसरों की दावेदारी की चर्चा

प्रशासनिक अफसरों के अनुसार नई सरकार बनने के बाद ही मुख्य सचिव तय होगा। जिन आईएएस अधिकारियों के नाम सर्वाधिक चर्चा में हैं, उनमें वीरा राणा के अलावा डॉ. राजेश राजौरा, एसएन मिश्रा और मलय श्रीवास्तव भी शामिल हैं। ये सभी 1990 बैच के अफसर हैं।

### पहले इनके नाम थे दावेदारों में

मई 2023 में इकबाल सिंह बैंस को दूसरा एक्सटेंशन देने के पहले केंद्र में पदस्थ अजय तिर्की और अनुराग जैन के नामों को लेकर खासी चर्चा हुई थी। अब तिर्की तो दिसंबर 2023 में रिटायर हो रहे हैं, इसलिए उन्हें मौका नहीं मिलना तय है, जबकि अनुराग जैन का रिटायरमेंट अगस्त 2025 में होना है। जैन से भी सीनियर 2 ढ्द्स् अधिकारी संजय बंदोपाध्याय और वीरा राणा हैं। बंदोपाध्याय केंद्र में पदस्थ हैं तो वीरा राणा मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष हैं।

दिग्विजय सिंह पर टिप्पणी मामला ...

# पुलिस ने पेश की रिपोर्ट

## कोर्ट ने माना दिग्विजय के खिलाफ ट्वीट कर टिप्पणी की थी

**ग्वालियर। ग्वालियर में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर एमपी एमएलए कोर्ट में सोमवार को पुलिस ने अपनी जांच रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में माना गया है कि कांग्रेस नेता के खिलाफ देशद्रोही जैसी टिप्पणी की गई है जो अभी भी ट्वीटर पर मौजूद है। अब न्यायालय ने याचिकाकर्ता**



**अधिवक्ता को अपने बयान दर्ज करने के लिए 4 दिसंबर को तलब किया है।**

26 अप्रैल 2023 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कथित तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद दिग्विजय सिंह के खिलाफ देशद्रोही शब्द का इस्तेमाल किया था जिसे ट्वीटर पर केबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने फॉरवर्ड किया। ग्वालियर के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पूर्व मुख्यमंत्री को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी कि उनका जन्म पाकिस्तान में होना चाहिए था। इसे लेकर कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता नितिन शर्मा ने सीजेएम कोर्ट में एक परिवाद पेश किया था। जिसमें केंद्रीय मंत्री सिंधिया सहित प्रदेश की दो अन्य मंत्रियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई करने की मांग की गई थी। यह मामला बाद में एमपी एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित हो गया। जहां एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश महेंद्र सैनी की अदालत में अब यह प्रकरण चल रहा है।

### थाना प्रभारी ने पूर्व में जांच रिपोर्ट कोर्ट में पेश की थी

इस मामले में पूर्व में इंदरगंज के थाना प्रभारी द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट पेश की गई थी लेकिन याचिकाकर्ता अधिवक्ता ने इसे अमान्य करते हुए कहा था कि केंद्रीय मंत्री और प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को अपनी जांच रिपोर्ट पेश करनी चाहिए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक की ओर से न्यायालय में सोमवार को यह रिपोर्ट पेश की गई है ।याचिकाकर्ता अधिवक्ता ने कहा है कि पुलिस की रिपोर्ट में यह माना गया है कि उक्त आपत्तिजनक टिप्पणी को ट्वीटर हैंडल से अब तक नहीं हटाया गया है।

# रीगल से मधुमिलन चौराहा तक का रोड के लिए नहीं मिल रहा है ठेकेदार

## ◆ रोड के निर्माण के लिए निगम चार बार टेंडर जारी कर चुका है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रीगल से मधुमिलन चौराहा तक रोड का सौदर्याकरण किया जाना है जो कि कागजों में ही हो रहा है। सौंदर्याकरण के लिए नगर निगम को ठेकेदार नहीं मिल रहा, जबकि चार बार टेंडर जारी हो गए हैं। पिछले डेढ़ वर्ष से रोड का काम अटका पड़ा हैं। वैसे रोड के लिए मुख्यमंत्री विशेष निधि से पैसा निगम को मिला है। बावजूद इसके ठेकेदार नहीं मिल रहा है।**

शहर की आदर्श रोड है गिटार चौराहा से साकेत (ग्रेटर कैलाश हॉस्पिटल) नगर चौराहा तक। यहां पर निगम ने फुटपाथों को सुंदर बनाने के साथ आकर्षक लाइट और महंगे पौधे लगाए है। इसके साथ ही सेल्फी पॉइंट अलग बनाए है। शहर की पहली आदर्श रोड (ग्रेटर कैलाश हॉस्पिटल) की तर्ज पर रीगल से आरएनटी मार्ग होते हुए मधुमिलन चौराहा तक सडक़ का सौदर्याकरण करने की प्लानिंग की गई। इसके लिए निगम जनकार्य विभाग ने टेंडर एक बार नहीं चार बार जारी कर दिए, लेकिन ठेकेदार काम करने को तैयार नहीं। इसलिए चार बार टेंडर करने के बावजूद ठेकेदार न मिलने पर निगम ने अब पांचवी बार फिर से टेंडर जारी करने की प्लानिंग की है। पिछले डेढ़ वर्ष से कागजों में संवर रही रीगल से मधुमिलन चौराहा तक की रोड के सौंदर्याकरण पर 3 करोड़ 28 लाख 34 हजार रुपए से ज्यादा खर्च होंगे। निगम को यह राशि मुख्यमंत्री विशेष निधि से मिली है। इसके लिए प्रयास क्षेत्रीय विधायक ने किए थे। सौदर्याकरण के लिए राशि मिलने के बाद निगम ने टेंडर जारी किए। इसमें बारिश सहित 275 दिन में सौदर्याकरण का काम करने की समय सीमा रखी गई, मगर टेंडर आए ही नहीं।

### ऐसे करना है रोड का सौंदर्गीकरण

तकरीबन 700 मीटर यानी पौन किलोमीटर तक रीगल से मधुमिलन चौराहा तक रोड की लंबाई है। सौंदर्गीकरण के चलते रोड तो डामर का ही रहेगा, लेकिन बाकी सारे काम ग्रेटर कैलाश रोड की तर्ज पर किए जाएंगे। इसके तहत फुटपाथ को सुधारा जाएगा। नए पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। आकर्षक पौधे और लाइटें लगेगी। आकर्षक पेंटिंग होगी। लोगों के विश्राम के लिए चेयर लगेगी। रोड को सुंदर दिखाने के लिए कई विशेष काम किए जाएंगे। साथ ही आकर्षक कलाकृतियां भी लगाई जाएंगी।

### मधुमिलन चौराहा का हो रहा उद्धार

रोड सौदर्याकरण के साथ मधुमिलन चौराहे पर बिगड़े ट्रैफिक को सुधारने के लिए निगम ने रोटरी को छोटी करने की प्लानिंग कर काम शुरू कर दिया गया है। चौराहे पर रीगल की तरफसे आरएनटी मार्ग होतेए ढक्कनवाला कुआं की तरफ से, एमवाय अस्पताल की तरफ से, छावनी की तरफ से, सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा की तरफ से और छोटी ग्वालटोली की तरफ से वाहन आना- जाना करते हैं। ट्रैफिक सिग्नल पं, जवाहर लाल नेहरू प्रतिमा के सामने और छावनी वाले रोड पर लगे है। बावजूद इसके कई लोग सिग्नल पर नहीं रूकते और निकल जाते है। मधुमिलन चौराहे पर बसों का आवगमन भी अधिक रहता है, क्योंकि सरवटे बस स्टैंड नजदीक ही है। ऐसे में चौराहे के बिगड़ते ट्रैफिक को सुधारने की कवायद के चलते ही रोटरी को छोटा करने के साथ लेफ्ट टर्न पर काम किया जा रहा है।

# खजराना मंदिर में मना अन्नकूट महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । खजराना गणेश मंदिर में आज गोपा अष्टमी के अवसर पर भगवान गणेश को अन्नकूट के माध्यम से छप्पन भोग का प्रसाद अर्पण किया गया। इस अवसर पर खजराना गणेश मंदिर समिति के अध्यक्ष कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी और , पुलिस आयुक्त मकरंद देवउस्कर द्वारा पूजन कर भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर पुजारी अशोक भट्ट, सतपाल भट्ट, पुनीत भट्ट और अन्य पुजारी ने मंत्र उपचार एवं पूजन अर्चन करवाया।**

खजराना गणेश मंदिर के प्रबंधक घनश्याम शुक्ला और सहायक प्रबंधक गौरी शंकर मिश्रा भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष अन्नकूट का आयोजन किया जाता रहा है लेकिन इस वर्ष वृहद स्तर पर किया गया है। भोजन शाला में विशेष प्रसादी वितरित किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी मंदिर के पुजारी सतपाल भट्ट और धर्मेंद्र भट्ट ने बताया कि इस वर्ष से खजराना गणेश मंदिर में अन्नकूट महोत्सव की शुरूआत की गई है। यह परंपरा अब निरंतर जारी रहेगी वही मंदिर के प्रबंधक घनश्याम शुक्ला ने बताया कि अभी तक मंदिर में विभिन्न महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है लेकिन इस वर्ष से मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया है। अगले वर्ष यह आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा और 1008 व्यंजनों भोग अर्पित किया जाएगा।

# देवी -देवताओं से भी ज्यादा वंदनीय है गौ माता

## प्राचीन अहिल्या माता गौशाला पर श्रीमद वल्लभाचार्य गोस्वामी द्वारकेशलाल के प्रवचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। भारतीय संस्कृति में गौ माता को देवी-देवताओं से भी ज्यादा वंदनीय और पूजनीय माना गया है । गाय सृष्टि का एकमात्र ऐसा जीव है, जिसमें 33 करोड़ देवताओं का निवास होता है। विडंबना है कि शहरीकरण के चलते गो पालन कम होता जा रहा है। ये दिव्य विचार है बड़ौदा से पधारे श्रीमद् वल्लभाचार्य गोस्वामी द्वारकेशलाल महाराज के, जो उन्होंने केसरबाग रोड स्थित प्राचीन देवी अहिल्या माता गौशाला पर गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित उत्सव के दौरान आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए । युवा वैष्णवाचार्य गोस्वामी श्रीशरणम कुमार महोदयश्री भी उपस्थित थे। उन्होंने गौशाला स्थित सप्त गौ माता मंदिर में सजी-धजी गायों का पूजन कर महोत्सव का शुभारंभ किया। प्रारंभ में गौशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवि सेठी, मंत्री पुष्पेंद्र धनोतिया एवं संयोजक सी. के. अग्रवाल ने संतद्वय की गरिमापूर्ण अगवानी की।

# अन्नकूट महोत्सव में 108 दीपो से हुई भगवान श्रीनाथ की आरती

## सैकड़ो समाज बंधुओ ने लिया मंगलिक कार्यक्रमों में जूठन नहीं छोडऩे का संकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री नागर चित्तौड़ा वैश्य महाजन समाज का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव बिजासन रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर श्री श्रीविद्याधाम के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, पंचकुइया राम मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास, अखंडधाम के महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. चेतन स्वरूप के सानिध्य में आचार्य पं. राजेश शर्मा तथा पं. आनन्द शुक्ला एवं 21 वेदपाठी विद्वानों द्वारा भगवान श्री नाथजी की 108 दीपों से आरती तथा 56 भोग समर्पण के साथ सोल्लास मनाया गया । समाज बंधुओ ने इस मौके पर मांगलिक प्रसन्गो पर जूठन नहीं छोडऩे का संकल्प भी लिया। समाज के अध्यक्ष राजेंद्र महाजन, सचिव महेंद्र हेतावल एवं समन्वयक धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि महोत्सव में सांसद शंकर लालवानी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, श्रीमती आशा विजयवर्गीय, भाजपा नेता गोलू शुक्ला, कमलेश खंडेलवाल पूर्व पार्षद एवं वैश्य समाज के अरविंद बागड़ी, अशोक डागा, विकास डागा, हरीश विजयवर्गीय, वीरेंद्र गुप्ता (हल्क) सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के अनेक घटकों के पदाधिकरियो ने शामिल होकर समाज बंधुओ को बधाई एवं शुभकामनाएं सौंपी।

कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# सड़क पर कचरा फेंकने पर कार्रवाई

## नगर निगम ने चालान बनाकर वसूला 10 हजार रुपए जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रेसकोर्स रोड स्थित सोडानी डायग्नोस्टिक को सडक़ पर कचरा फेंकना भारी पड़ गया, क्योंकि नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए सोडानी डायग्नोस्टिक के खिलाफ चालान बनाकर 10 हजार रुपए का जुमार्ना वसूल किया है। साथ ही आगे ऐसी हरकत करने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी अलग दी है।**

शहर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रहे इसके लिए लगातार निरीक्षण निगम स्वास्थ्य विभाग के अफसर कर रहे हैं। इसके चलते निगम को जोन-9 पंचम की फैल में आने वाले वार्ड-7 के रेसकोर्स रोड पर जब जोन पर तैनात स्वास्थ्य अधिकारी और एनजीओ एचएमएस की टीम निरीक्षण कर रही थी, तब उन्होंने पाया कि रेस कोर्स रोड स्थित सोडानी डायग्नोस्टिक बाहर सडक़ पर बड़ी मात्रा में कचरा पड़ा है। इस पर स्वास्थ्य अधिकारी पुरुषोत्तम दुबे ने मौके पर सफाईकर्मियों को बुलाया और कचरे को छंटवाया। इस दौरान कचरे में एविडेंस के तौर पर सोडानी डायग्नोस्टिक की लोगो वाली पॉलीथिन पाई गई। इसके बाद स्वास्थ्य अधिकारी दुबे, सहायक सीएसआइ राहुल लोट, सहायक दरोगा और टीम एचएमस सोडानी डायग्नोस्टिक पहुंची और निरीक्षण किया। इस दौरान कचरे में मिली पॉलीथिन और सोहानी डायग्नोस्टिक पाई गई पॉलीथिन के एक समान होने पर स्वास्थ्य अधिकारी दुबे ने मैनेजर मनुदीप परिहार के खिलाफ चालान बनाकर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाकर मौके पर ही वसूल किया। साथ ही हिदायत दी गई कि अगली बार कचरा बाहर सडक़ पर फेंकते पाए जाने पर और पॉलीबिन का उपयोग करने पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नाथ मंदिर पर कल से ग्रंथराज श्रीमद् दासबोध पर प्रवचन होंगे

**इंदौर**। साउथ तुकोगंज स्थित नाथ मंदिर पर बुधवार 22 नवंबर से रविवार 26 नवंबर तक प्रतिदिन सांय 5 से 7 बजे तक ग्रंथराज श्रीमद् दासबोध पर श्री समर्थ रामदास स्वामी मठ खातगांव, जिला नगर के मठाधीश श्री मोहनबुवा रामदासी के प्रवचन होंगे। संस्थान के सचिव संजय नामजोशी एवं उत्सव प्रमुख मनीष ओक ने बताया कि सत्संग शुभारंभ के मौके पर 22 नवंबर को सुबह 7 बजे सज्जनगढ के श्री समर्थ रामदास स्वामी एवं श्री श्रीधर स्वामी महाराज की चरण पादुकाओं का आगमन होगा। प्रतिदिन प्रातः कालीन सत्र में भक्तों द्वारा श्रीमद् दासबोध ग्रंथ का सामूहिक पारायण भी होगा।

# हाई कोर्ट निर्वाचन अंतिम चरण पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** उच्च न्यायालय अधिवक्ता तनुज दीक्षित ने बताया कि हाई कोर्ट बार चुनाव कि तैयारिया अन्तिम चरण पर हैं, आज से समस्त अभिभाषक मतदाताओं को निर्वाचन कार्यालय से मतदाता पर्ची का वितरण कि जाएगी। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज द्विवेदी व निर्वाचन समिति के द्वारा निर्णय कर कुल 1807 मतदाताओं को मतदान का अधिकार रहेगा। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह बेस, मनीष सांखला, निशित विशर्ड आज से बूथ निर्माण के कार्य को अंजाम देंगे। वही विभिन्न कार्यो को लोकेश मेहता, अजय मिश्रा, सुदर्शन जोशी व सहायक निर्वाचन अधिकारी में सतानंद चौबे, विभोर खण्डेलवाल, अपूर्व जैन, आसिफ खान, अपूर्वा शुक्ला, तनुज दीक्षित आदि की मौजूदगी में निर्वाचन के विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

# अब इंतजार 3 दिसंबर का, बढ़े मत प्रतिशत ने राजनीतिक दलों की धड़कन भी बढ़ाई

### सबसे पहला परिणाम तीन नंबर सीट का परिणाम आएगा, सबसे अंत में पांच नंबर विधानसभा का

**इंदौर। मध्यप्रदेश में मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, ईवीएम को कंट्रोल रूम में रखा जा चुका है। अब इंतजार 3 दिसंबर का है, जब प्रदेश में नई सरकार का चेहरा स्पष्ट हो जाएगा। 9 विधानसभा सीटों की गिनती 9 कक्षों में होगी। राऊ,सांवेर और देपालपुर विधानसभा सीट की गिनती पहली मंजिल पर की जाएगी।**



हर विधानसभा क्षेत्र में 14 राउंड में गिनती की जाएगी। सबसे पहला परिणाम तीन नंबर विधानसभा को दोपहर ढाई बजे तक आ जाएगा। इस विधानसभा सीट में सबसे कम 193 बूथ है और मतदान भी 71 प्रतिशत हुआ है। इसके अलावा सबसे आखिर में पांच नंबर विधानसभा का परिणाम आएगा। इस विधानसभा सीट में सबसे ज्यादा 2.79 लाख वोटों की गिनती की जाएगी, जो रात सात बजे तक होगी। मतगणना के रुझान सुबह दस बजे से आने शुरू हो जाएंगे। स्टेडियम के बाहर खड़े लोगों के लिए भी हर चरण में हुई वोटों की गिनती की जानकारी दी जाएगी। मतगणना के लिए डेढ़ हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना स्थल पर बगैर प्रवेश पत्र के किसी को भी अनुमति नहीं दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि इंदौर में एक नंबर,तीन नंबर,पांच नंबर, महू और राऊ में कांटे की टक्कर है और सबसे ज्यादा इन सीटों के परिणाम जानने की रुचि लोगों को है। बता दे कि इस चुनाव में प्रदेश में 76.22 प्रतिशत वोटिंग हुई है, जो कि पिछले सभी चुनावों के मुकाबले सर्वाधिक है। ऐसे में बढ़े मत प्रतिशत ने राजनीतिक दलों की धड़कन भी बढ़ा दी है। इलेक्शन काउंटिंग को लेकर इसकी प्रक्रिया से जुड़े नियम भी बनाए गए हैं। पूरी काउंटिंग एक प्रक्रिया से होकर गुजरती है। जिसका प्रशासन कड़ाई से पालन करवाता है। सामान्य तौर पर मतगणना 8 बजे से शुरू होती है, लेकिन इसकी प्रक्रिया करीब तीन घंटे पूर्व ही शुरू हो जाती है। पिछले चुनाव की मतगणना पर गौर करें तो 5 से 6 बजे के बीच मतगणना में लगे कर्मचारियों का रेंडमाइजेशन किया जाता है। जिसके बाद उन्हें बताया जाता है कि उन्हें कौन सी टेबल पर ड्यूटी करना है। इसके बाद करीब साढ़े सात बजे स्ट्रांग रूम खोलने की प्रक्रिया की जाती है। कलेक्टर समेत अन्य अधिकारियों और राजनीतिक दलों के एजेंट की मौजूदगी में यह प्रक्रिया पूरी होती है। पिछले चुनाव को देखें तो सुबह 8 बजे मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो जाती है और सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जाती है। डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने के बाद ईवीएम की सील सभी को दिखाने के बाद खोली जाती है और अलग-अलग राउंड में ईवीएम से मतों की गिनती की जाती है। ईवीएम मशीन से काउंटिंग पूरी होने के बाद रिटर्निंग आफिसर और आब्जर्वर एक राउंड में किस प्रत्याशी को कितने वोट मिले इसकी कॉपी जारी करते हैं। इसके बाद नई ईवीएम टेबल पर लाई जाती है। सभी राउंड की काउंटिंग पूरी हो जाने के बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में से एक का नंबर लॉटरी सिस्टम के जरिए निकाला जाता है और उस नंबर की वीवीपैट को लेकर इसकी मत पर्चियों की गिनती की जाती है और इसे ईवीएम से चेक किया जाता है। यह सभी प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद रिजल्ट जारी कर विजयी प्रत्याशी को सर्टिफिकेट दिया जाता है।

## राहगीरों से लूटपाट कर रहे तीन बदमाश रंगे हाथों पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बंगाली चौराहे के नजदीक राहगीरों से मारपीट कर लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को कल रंगे हाथों पकड़ा गया है। बताया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से वह लोगों को निशाना बना रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार कल चौकीदारी करने वाले दीपक पिता कालू लोधी को तीन बदमाशों ने पकड़ा। उसके पीछे पानी से भरी शराब की बोतल गिराई और उस पर आरोप लगाते हुए झूमा झटकी की और मारपीट करने लगे। बदमाश उससे हजार रुपए छीन रहे थे। इस दौरान क्षेत्र के व्यापारी आकाश राठौर,पंकज महेश्वरी, नितिन वर्मा, बंटी साठे का गुजरना हुआ। उन्होंने झूमा झटकी कर रहे बदमाशों को पकड़ा तो उन्होंने हथियार निकाल लिए। मामले की जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता राजा कोठारी को लगी तो वह भी मौके पर पहुंचे और तीनों बदमाशों की जमकर धुनाई कर पुलिस को सौंपा। बदमाशों के नाम विनय भांजा, नयन और अमित सोनी सामने आए हैं। तिलक नगर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा है। बताया जा रहा है तीनों बदमाश शराब के लिए आए दिन गरीब लोगों के साथ मारपीट कर पैसा छीन लेते थे। कोई शिकायत करने जाता तो उसकी सुनवाई भी नहीं होती थी। कल बदमाश रंगे हाथों पकड़ाए इसके बाद भी पुलिस ने आवेदन लिया है।

## जिलाबदर बदमाश धराया, रासुका में गया जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चंद्रावती गंज पुलिस ने एक जिला बदर बदमाश को क्षेत्र में ही घूमते हुए पकड़ा है। वह जिला बदर होने के बावजूद अपने घर आया हुआ था। पुलिस ने अब उस पर रासुका की कार्रवाई कर उसे जेल भेजा है। चंद्रावती गंज थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक गोविंद सिंह चौहान के अनुसार आरोपी का नाम संतोष पिता बाबूलाल कबाडिया निवासी पेटलोद रोड चंद्रावतीगंज है। कल मुखबिर ने उसके बारे में सूचना दी थी जिसके बाद पुलिस ने उसके घर के नजदीक से ही उसे पकड़ा। संतोष पेशेवर बदमाश है, उसे पर लगभग एक दर्जन अपराध दर्ज है। पिछले दिनों से इंदौर और आसपास की जिलों की सीमाओं से जिला बदर किया गया था। जिलाबदर होने के बावजूद वह दिवाली पर घर आ गया था।

## 100 रुपये में मिल रहे कलरफुल स्वेटर लेडीज लॉन्ग कोट की सबसे ज्यादा डिमांड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ठंड ने दस्तक दे दी है और हर कोई इस विंटर सीजन के लिए कपड़ों की खरीदी करना चाहता है। वहीं इंदौर में 100 से लेकर 500 रुपए के बीच बेहतरीन स्वेटर और ठंड के कपड़ों की खरीदारी की जा सकती है। यह खरीदी इंदौर महोत्सव मेले में हो रही है। जहां तरह-तरह के डिजाइनर और कलरफुल ठंड के कपड़े मार्केट रेट से बेहद कम दामों पर मिल रहे हैं।

दुकान के संचालक मुजाहिद हुसैन ने बताया कि हम अपनी दुकान का सारा माल पानीपत से लेकर आए हैं। इंदौर के मार्केट में जो चीज लोगों को काफी महंगे दामों में मिलती हैं, वही कपड़े हम 100 से लेकर 500 रुपये की रेंज में बेच रहे हैं। कम दाम होने के साथ-साथ ही हमारे पास महिलाओं के लिए ठंड के कपड़ों की ढेरों वैरायटी और कलर मौजूद हैं। दुकानदार ने बताया कि हमारी दुकान में कई प्रकार के स्वेटर, कोट, जैकेट, शॉल, मफलर आदि उपलब्ध हैं।दुकानदार ने बताया कि इस विंटर महिलाओं में लॉन्ग विंटर कोट का चलन बहुत ज्यादा बढ़ा है, जिसकी काफी डिमांड है। आमतौर पर ठंड से बचने के लिए महिलाएं परत दर परत सारे कपड़े पहनती हैं। लेकिन, लॉन्ग विंटर कोट जहां बेहतरीन गर्माहट देता है, वहीं पहनने में भी काफी कंफर्टेबल है। यही कारण है कि इस विंटर सीजन इसकी सबसे ज्यादा डिमांड है। दुकानदार ने बताया कि हमारे पास लेडीज स्वेटर की ढेरों वैरायटी हैं। सबसे विशेष बात यह कि ढेरों वैरायटी के साथ-साथ ही ढेरों कलर में भी स्वेटर मौजूद हैं। जो पहनने में हल्के पर ज्यादा गर्म और आरामदायक डिजाइनर हैं। जिन्हें खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

## भांजे ने मामा को धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एरोड्रम इलाके में शराब पीने के पैसे देने से मना करने पर भांजे ने मामा को धमकाया और घर में तोडफोड़ कर दी। पुलिस के मुताबिक घटना कावेरी नगर में हुई। जितेंद्र पिता हरिशंकर यादव की रिपोर्ट पर इनके भांजे अजय उर्फ राहुल यादव निवासी रामकमल रेसीडेंसी गांधी नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसका भांजा अजय उर्फ राहुल ने घर आकर शराब पीने के पैसे मांगे। जब उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया तो उसने गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। फिर घर में जमकर उत्पात मचाया। उसने घर के सामान में तोडफोड़ कर दी और वहां से चला गया।

## शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में रविवार 19 नवंबर को इंदौर आब्सट्रेक्सि एंड गायनेकोलाजिकल स्पेशलिस्ट एसोसिएशन की नई टीम का गठन व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया । इसमें सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए अध्यक्ष पद के लिए डॉ. साधना मेहता एवं सचिव पद के लिए डॉ. श्वेता कौल झा व कोषाध्यक्ष डॉ दीपाली मित्तल टीम का गठन व शपथ दिलाई। आयोजन की मुख्य अतिथि मुंबई की ख्यात स्त्रीरोग विशेषज्ञ व पूर्व अध्यक्ष फॉक्सी डॉ. सुचित्रा पंडित थी। डॉ. सुचित्रा पंडित ने शपथ ग्रहण समारोह में नई टीम को बधाई दी। आयोजन में उन्होंने आयरन डेफिशिएंसी एनिमिया के बारे में भी जानकारी दी। महिलाओं में खून की कमी से होने वाली सभी बीमारियों के बारे में और उनके कारण एवं निवारण के बारे में गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम की सम्मानीय अतिथि श्री अरविंदो इंस्टीट्यूट की चांसलर डॉ. मंजूश्री भंडारी और विशिष्ट अतिथि फॉक्सी की उपाध्यक्ष डॉ. आशा बक्षी थी। मुख्य अतिथियों के पदाधिकारियों के द्वार कर्तव्य निर्वाहन की शपथ ग्रहण कराई गई।

## संभागायुक्त श्री मालसिंह ने एमवाय हॉस्पिटल की ओपीडी का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संभागायुक्त श्री मालसिंह सोमवार सुबह एमवाय हॉस्पिटल पहुँचे। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल में मौजूद ओपीडी का निरीक्षण किया। ओपीडी में मौजूद मरीजों से बात की और मिल रही सुविधाओं के बारे में जाना। उन्होंने वहां पर मौजूद स्टॉफ से चर्चा भी की। संभागायुक्त श्री मालसिंह ने हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान एमवाय हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. पी.एस. ठाकुर भी उपस्थित थे।

## सस्टेनेबल डेवलपमेंट से कम होगा कार्बन उत्सर्जन

### ◆ आर्किटेक्ट् इंजिनियर की नेशनल कांन्फ्रेस का समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पर्यावरण में कार्बन उत्सर्जन कम करने की चिंता अभी तक अंतराष्टीय फोरम पर होती थी, लेकिन अब यह भारत के इंदौर जैसे शहर मे भी हो रही है, जो सुखद संकेत है। धरती का तापमान बढ़ रहा है, जो खतरे की घंटी है। इसलिए हमें पुन परंपरागत जीवन की ओर लौटना होगा तभी हम यू एन ओ द्वारा क्लाइमेट न्यूट्रल इकॉनामी के लक्ष्य को हासिल कर पायेंगे। जरूरत है लो कास्ट पर सस्टेनेबल डेवलपमेंट किया जाये।**

ये विचार मध्य प्रदेश ओद्योगिक विकास निगम के एक्जुकेटिव डाइरेक्टर राजेश राठौर के है, जो उन्होंने आर्किटेक्ट् इंजिनियर की दो दिवसीय नेशनल कॉफ्रेस के सपापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे कहे। यह आयोजन द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजिनियर ने ब्रियलेंट कंवेशन सेंटर में किया गया था, जिसमें 100 आर्किटेक्ट इंजिनियर ने भाग लिया था। स्वागत उद्बोधन मे संस्था अध्यक्ष इंजीनियर आर पी गौतम ने कहा कि आज ऐसे निर्माण होने चाहिए जो सस्टेनेबल डेवलपमेंट के दायरे में आते हो।

इंडस्ट्री ऑफ प्लानिंग के सेक्रेटरी जनरल वी पी कुलश्रेष्ठ ने कहा कि हमे सस्टेनेबल सिटी बनाना होगी, जिसमें ट्रांसपोर्ट, शहरीकरण ,ग्रीन बिल्डिंग, वेस्ट मैनेजमेंट पर काम करने की आवश्यकता है। इस दिशा मे सरकार को भी ध्यान देने की जरूरत है। वेस्टेज कम से कम हो और उसका निष्पादन भी होना जरूरी है। अध्यक्षीय उद्बोधन में सुभाषित बनर्जी ने कहा कि सस्टेनबल डेवलपमेंट पर हम सबको मिलकर काम करना होगा अन्यथा नुक्सान होना निर्शित है।

## श्री श्रीविद्या धाम पर आज आंवले के वृक्ष के नीचे भगवान विष्णु का पूजन होगा

इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आंवला नवमी के उपलक्ष्य में महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में मंगलवार, 21 नवंबर को सुबह 10.30 बजे आंवले के वृक्ष के नीचे आश्रम के 11 विद्वानों द्वारा भगवान विष्णु का पूजन किया जाएगा । आश्रम परिवार के यदुनंदन माहेश्वरी, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि सांय 6 बजे 56 भोग दर्शन एवं महाआरती के बाद आश्रम का अन्नकूट महोत्सव सांय 7 बजे से प्रारंभ होगा। गोवंश के लिये अन्न कूट। आश्रम पर गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में सोमवार सांय गौशाला में गोपूजन एवं 56 भोग का दिव्य आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में संपन्न हुआ। आचार्य पं. राजेश शर्मा एवं आश्रम के 21 विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सैकड़ों भक्तों के साथ गोपूजन किया और घरों से बनाकर लाए गए व्यंजन परोसे। संध्या को गौ माता की महाआरती में भी सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। देर रात तक गौशाला पर भक्तों का सैलाब बना रहा।

# चांदी की पालकी में निकले बाबा महाकाल

## कार्तिक महीने की पहली सवारी; चढ़ाए 7 किलो चांदी के मुकुट, मुखौटे और कुंडल

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**उज्जैन। श्रावण-भादौ के बाद भगवान महाकाल की कार्तिक व अगहन मास की पहली सवारी सोमवार को निकाली जा रही है। पहली सवारी शाम 4 बजे मंदिर परिसर से निकाली गई। पहले भगवान का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद चांदी की पालकी में बाबा प्रजा का हाल जानने निकले।**

महाकालेश्वर मंदिर की परंपरा के अनुसार कार्तिक और अगहन महीने में भगवान महाकाल की चार सवारियां निकाली जाती हैं। इनमें पहली सवारी सोमवार यानी 20 नवंबर को निकाली जा रही है। इसमें बाबा पूरे लाव-लश्कर के साथ नगर भ्रमण पर निकले हैं। मंदिर के सभामडंप में भगवान के मुखौटे का पूजन किया गया। इस दौरान मंदिर के पुजारी, पुरोहित व मंदिर समिति के अधिकारी मौजूद रहे।



मंदिर से प्रारंभ हुई सवारी गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी होकर रामघाट पहुंची। यहां पूजन अभिषेक के बाद वपासी में सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, ढाबा रोड, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होकर देर शाम सवारी वापस मंदिर लौटेगी।

### बैकुंठ चतुर्दशी पर सौंपेंगे सृष्टि का भार

अब 25 नवंबर को वैकुंठ चतुर्दशी पर भी महाकाल की सवारी निकाली जाएगी। इस दिन भगवान महाकाल रात 11 बजे पालकी में सवार होकर आधी रात 12 बजे गोपाल मंदिर पहुंचेंगे। यहां हरि-हर का मिलन होगा। कहा जाता है कि वैकुंठ चतुर्दशी पर भगवान महाकाल श्री हरि को सृष्टि का भार सौंपने गोपाल मंदिर तक जाते हैं।

### महाकाल को चढ़ाए 5 लाख के आभूषण

पुणे के एक भक्त ने भगवान महाकाल को सोमवार को 5 लाख रुपए कीमत के चांदी के आभूषण चढ़ाए। इनमें 1 चांदी का मुकुट, 1 मुंडमाला (11 मुंडों की माला), 2 कुंडल शामिल हैं। इनका वजन 7 किलो 182 ग्राम है। मंदिर समिति के प्रशासक के निज सहायक प्रशांत त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर प्रबंध समिति के कोठार प्रभारी मनीष पांचाल ने चांदी के आभूषण की रसीद भी दी है।



### मालवा-निमाड़ यात्रा पर निकले ओंकारजी

ओंकार महाराज गोपाष्टमी पर मालवा निमाड़ की प्रजा का हाल जानने निकले। सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में मंगला आरती के समय ओंकार जी व माता पार्वती का विशेष श्रंगार किया। सवा मन सुकड़ी (सवा मन मोटे आटे व पंचमेवा से बनी प्रसादी) का भोग लगाकर ढोल धमाके बजाए गए।

# सागर के गढ़ाकोटा पहुंचे दिग्विजय सिंह

## ◆ रहली सीट से कांग्रेस प्रत्याशी पर हमले की घटना की जानकारी ली

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**सागर**। सागर की रहली विधानसभा के गढ़ाकोटा में शनिवार शाम हुए बवाल के मामले में रविवार रात पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह गढ़ाकोटा पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली। जिसके बाद वे रेस्ट हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्तार्ओं से बात कर घटनाक्रम की हकीकत को जाना। इस दौरान उनके साथ रहली विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल और अन्य समर्थक मौजूद थे। देर रात तक वह कांग्रेस प्रत्याशी, जिले के पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा करते रहे।

दरअसल, शनिवार शाम को गढ़ाकोटा के गुंजोरा में चुनावी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच विवाद हुआ था। जिसमें जमकर मारपीट हुई। वहीं कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई थी। घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल ने वीडियो जारी कर भाजपा प्रत्याशी गोपाल भार्गव पर हमला करवाने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि था गोपाल भार्गव के गुंडों ने मुझ पर हमला किया है। गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। हमारी कोई सुन नहीं रहा है। जान को खतरा है। हालांकि घटनाक्रम की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मामला शांत कराया था। पुलिस मामले में उपद्रव करने वाले आरोपियों की शिनाख्त कर कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## शिवपुरी ट्रिपल मर्डर मामले में सियासी एंगल

# पुरानी रंजिश के बाद फर्जी वोट डालने पर बढ़ा विवाद, महिला समेत तीन की हत्या

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**शिवपुरी। शिवपुरी की नरवर तहसील के चकरामपुर गांव में भदौरिया परिवार की महिला सहित तीन लोगों की हत्या के मामले में फर्जी वोटिंग की बात सामने आई है। हमले में जीवित बचे राजेंद्र भदौरिया (28) ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि दो वोटों को लेकर विवाद हो गया था। वो कांग्रेस प्रत्याशी कैलाश के पक्ष में फर्जी वोट डालने आए थे। उन्हें टोका। शाम को हम बोलेरो से लौट रहे थे, तभी उन्होंने घेरकर हमला कर दिया।**

हमले में राजेंद्र की मां आशादेवी (42), चाचा लक्ष्मण (45) और ममेरे भाई अमर सिंह उर्फ हिमांशु (20) की मौत हो चुकी है। राजेंद्र के अलावा उनके पिता मुन्ना (50), छोटा भाई योगेंद्र उर्फ भोला (27) और ममेरा भाई सौरभ सेंगर (25) का ग्वालियर में इलाज चल रहा है। मुन्ना भदौरिया की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने राजेंद्र के बयान का एक वीडियो 17 नवंबर की रात बनाया था। एसपी रघुवंश सिंह भदौरिया ने बताया कि 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुके हैं। एक ग्वालियर में भर्ती है। आरोपी पक्ष के भी एक व्यक्ति को गोली लगी है।

**बोला- देख लेने की धमकी देकर गए थे-** राजेंद्र का कहना है वह करैरा के भाजपा प्रत्याशी सुरेश धाकड़ की ओर से अपने गांव के मतदान केंद्र पर एजेंट बना था। कांग्रेस की ओर से दो लोगों ने फर्जी मतदान करने का प्रयास किया। उनको रोका तो शाम को देख लेने की धमकी देकर चले गए। इसके बाद करीब दो सैकड़ा लोगों ने हमला कर दिया। सुरेश धाकड़ ने भी मतदान केंद्र पर कहासुनी की बात स्वीकार की है।

**14 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी-** पुलिस ने 11 नामजद और 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अब तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक कट्टा, कुल्हाड़ी, सरिया, लुंहागी और लाठी की है। साथ ही आरोपियों के मकान पर बुलडोजर भी चलाया है। रविवार देर शाम नरवर कस्बे में कर्फ्यू जैसे हालात पैदा हो गए हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए नरवर, करैरा, अमोला, सीहोर चार थानों की अलग-अलग टीम बनाई थी।

जेल भेजे गए आरोपियों में राम सिंह पुत्र ज्वाला प्रसाद कुशवाह, देशराज पुत्र धनीराम कुशवाह, खुमान सिंह पुत्र मुंशी कुशवाह, मेहरवान सिंह पुत्र बारेलाल कुशवाह, विष्णु पुत्र प्रागीलाल कुशवाह, गोपाल सिंह पुत्र भजन सिंह कुशवाह, सोनू पुत्र प्रेम सिंह कुशवाह, गोलू उर्फ शिवकुमार पुत्र किलोल सिंह कुशवाह, दामोदर पुत्र श्यामलाल कुशवाह, वीर सिंह पुत्र पुन्नालाल कुशवाह, अखिलेश पुत्र वीर सिंह कुशवाह, परमाल पुत्र भागीरथ कुशवाह, मुकेश पुत्र मुंशीराम कुशवाह, राय सिंह पुत्र भगवान सिंह कुशवाह शामिल हैं।

# बेकाबू होकर ट्रक से टकराई बाइक

## ◆ दो सगे भाई सहित तीन की मौके पर मौत, जबलपुर जा रहे थे तीनों

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**सिवन**। सिवनी जिले में नेशनल हाईवे 44 सोमवार दोपहर करीब 2 बजे अनियंत्रित होकर एक बाइक ट्रक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाई सहित तीन लोगों की घटना स्थल पर मौत हो गई। यह हादसा सादक सिवनी और छपारा कला के बीच हुआ। बाइक में तीन लोग सवार होकर सिवनी से जबलपुर की तरफ जा रहे थे।

स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी 108 और छपारा पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपरा लाया गया, जहां शव का पंचनामा बनाया गया। दुर्घटना में संतलाल पिता किशोरीलाल धुर्वे (40), लक्ष्मन पिता किशोरी लाल धुर्वे (35) दोनों निवासी ग्राम पांजरा थाना लखनवाड़ा और सीताराम पिता मोले उइके (50) निवासी ग्राम छपाराखुर्द थाना छपारा की घटना स्थल पर मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग वाहन मौके पर पहुंचा और मृतकों के शव को फोर लेन से हटाकर वाहनों का आवागमन प्रारंभ किया गया। घटना में छपारा थाना प्रभारी सौरभ पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसके चलते सड़क को वन वे किया गया है। आज दोपहर को इस मार्ग पर जबलपुर की ओर से आ रही ट्रक से बाइक टकरा गई।

# शहडोल में बच्चे को अगरबत्ती से 51 जगह दागा

## सांस लेने में तकलीफ और पेट फूलने की समस्या थी; हालत गंभीर

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**शहडोल। शहडोल में निमोनिया से पीड़ित डेढ़ महीने के एक बच्चे को अगरबत्ती से 51 जगह जला दिया गया। बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उसका पेट भी फूल गया था। परिजन ने इलाज के लिए एक हकीम को बुलाया तो उसने पेट, सिर, माथे, पैर और कंधे पर दाग दिया।**

बच्चे की हालत बिगड़ी, तो परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। उसकी हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बच्चा एसएनसीयू में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामला बाल अधिकार संरक्षण आयोग पहुंच गया है। शहडोल के हरदी गांव के रहने वाले प्रेमलाल बैगा ने बताया कि बेटे प्रदीप की तबीयत खराब थी। उनकी गैर मौजूदगी में घर के बुजुर्गों ने एक हकीम को बुलाया था। हकीम ने बेटे को अगरबत्ती से 51 बार दाग दिया। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. नागेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चे को निमोनिया हुआ था। परिजन ने अंध विश्वास के चलते उसे अगरबत्ती से दगवाया है। नजदीकी अस्पताल में कोई सुविधा न होने पर उसे समुचित इलाज भी नहीं मिल सका। मासूम को लगभग 15 दिन पहले दागा गया है। उसके कुछ घाव भर गए हैं, कुछ अभी भी हैं। इस मामले की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी गई है।

मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मेघा पवार ने बताया कि इस मामले में जांच के निर्देश दिए हैं।

New Delhi

# 10वें दिन पहली बार सुरंग में पहुंचा कैमरा, श्रमिकों के चेहरे पर दिखी खुशी





**उत्तरकाशी। दिवाली के दिन से सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को निकालने के लिए बचाव अभियान आज 10वें दिन भी जारी है। मंगलवार का दिन मजदूरों के लिए एक और राहत लेकर आया। दिल्ली से एंडोस्कोपिक कैमरे मंगाए गए थे जिन्हें आज मंगलवार को पाइप से भीतर पहुंचाया गया। इस दौरान कैमरे से टनल के भीतर फंसे हुए सभी 41 मजदूर दिखाई दिए। सभी सुरक्षित हैं।**

वहीं, जब कैमरा अंदर भेजकर मजदूरों से संवाद किया गया तो हो नहीं पाया, लेकिन साफ देखा जा सकता है कि टीम की आवाज सुनकर दसवें दिन श्रमिकों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। अब उनमें भी उम्मीद जग गई है कि उन्हें जल्द ही बाहर निकाल लिया जाएगा।

राज्य से लेकर केंद्र तक के कई संगठन एक साथ रेस्क्यू में जुट गए हैं। सोमवार को मजदूरों की स्थिति देखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था, पर अंदर धूल होने से तस्वीरें साफ नहीं आ पाईं थीं।

सोमवार देर शाम टीम ने छह इंच का दूसरा फूड पाइप मजदूरों तक पहुंचा दिया। देर शाम इसी पाइप से उन्हें खाने के लिए खिचड़ी और मोबाइल चार्ज करने के लिए चार्जर भेजे गए थे।

Uttarpradesh

## पत्नी ने छठ पूजा के लिए पैसे मांगे तो भड़का पति, दुपट्टे से घोंट दिया गला, शव को ट्रॉली में लादकर जंगल में फेंका

**देवरिया, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के देवरिया से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां छठ पूजा के लिए पत्नी द्वारा पैसा मांगना पति को इतना नागवार गुजरा कि उसने पत्नी की निर्मम तरीके से हत्या कर दी. फिर शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर गांव से भाग निकला. फिलहाल, ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने 36 घंटे बाद आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है.

उसकी निशानदेही पर कुशीनगर जिले से महिला का शव भी बरामद हुआ है. सुरौली पुलिस ने इस मामले में दहेज हत्या समेत कई गंभीर धाराओं में अभियुक्त पर केस दर्ज किया है. गिरफ्तारी के बाद जांच-पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

बता दें कि थाना सुरौली के ग्राम सुकई परसिया निवासी आलोक उर्फ विपिन सिंह ने गांव की ही रहने वाली खुशबू सिंह से वर्ष 2018 में प्रेम विवाह किया था. विपिन के घर वाले लड़की को रखने को तैयार नही हो रहे थे. हालांकि, गांव मे हुई पंचायत के बाद परिवार राजी हो गया.

मृतका खुशबू के पिता हरि सहाय सिंह के मुताबिक, वर्ष 2019 में उनकी बेटी ने एक बच्ची को जन्म दिया था.

Uttarpradesh

## शाही इलाके में 7वीं महिला की हत्या, अब वृद्धा को मार डाला, गन्ने के खेत में मिला शव

**बरेली, (एजेंसी) बरेली के शाही थाना क्षेत्र के गांव खरसैनी में 68 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई। सोमवार शाम को उनका शव उन्हीं के गन्ने के खेत में पड़ा मिला। गले में फंदा कसा गया था। शाही थाना क्षेत्र में इससे पहले छह और महिलाओं के शव इसी हालत में मिल चुके हैं। इससे इलाके में दहशत है।**

सोमवार शाम खरसैनी के खेतिहर इलाके में गन्ने के खेत में गुलाबो देवी का शव मिला। पति की मौत के बाद वह अकेली ही रहती थीं। वह दो दिन से लापता थीं। उनके गले में साड़ी से फंदा कसा गया था। शरीर को घास और पत्तों से ढक दिया गया था। शव से पांच मीटर दूर उनकी खुरपी और चप्पलें पड़ी थीं। किसी ग्रामीण ने शव देखा तो गांव में सूचना दी।

New Delhi

## पलूशन वाला नवंबर, इस साल फिर टूटे खराब हवा के रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एयर पलूशन को लेकर सुप्रीम कोर्ट से लेकर एनजीटी तक ने सरकारों को फटकार लगाई है। अक्टूबर ही नहीं बल्कि नवंबर महीने में भी अब तक हवा में प्रदूषण ने लोगों का सांस लेना तक दूभर किया है। यही नहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी मानता है कि इस साल नवंबर में एयर पलूशन ने तमाम रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बोर्ड के मुताबिक बीते 6 सालों में दूसरी बार इतना ज्यादा एयर पलूशन रहा है। इससे पहले 2021 में इतना पलूशन था। इस महीने 8 दिन हवा में पलूशन का स्तर खतरनाक रहा है। इसके अलावा 9 दिन बेहद खराब श्रेणी वाली हवा रही। इन बेहद खराब हवा वाले दिनों में भी 4 दिन ऐसे रहे, जब एक्यूआई 390 के पार रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के डेटा के मुताबिक 1 नवंबर से 20 नवंबर के दौरान 2018 से 2023 तक में सबसे ज्यादा पलूशन वर्ष 2021 में था। इस साल एयर पलूशन का औसत 383 था। वहीं इस साल औसत एक्यूआई 372 रहा। इसी अवधि में 2020 में 329, 2019 में 353 और नवंबर में 342 रहा। डेटा के अनुसार 2 नवंबर को शाम 4 बजे एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 392 था और शाम 5 बजे तक यह औसत 402 तक पहुंच गया। 3 से 6 नवंबर के दौरान AQI बेहद खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया।

खेल

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान सूर्यकुमार यादव को मिली कमान




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान हो चुका है। सूर्यकुमार यादव को टीम की कमान दी गई है। वहीं, श्रेयस अय्यर आखिरी दो मैच में टीम के साथ जुड़ेंगे और उपकप्तान की भूमिका भी निभाएंगे। इस सीरीज में भारत को पांच टी20 खेलने हैं। यह सीरीज 23 नवंबर से तीन दिसंबर के बीच खेली जाएगी। वनडे विश्व कप टीम में शामिल तीन खिलाड़ियों को इस टीम में मौका दिया गया है। इनमें से कप्तान सूर्यकुमार ही ऐसे हैं, जिन्होंने अधिकतर मैच खेले थे। उनके अलावा ईशान किशन भी टीम में हैं, जिन्हें शुरुआती दो मुकाबले खेलने का मौका मिला था।

हार्दिक पांड्या के चोटिल होने पर विश्व कप टीम से जुड़ने वाले प्रसिद्ध कृष्णा को भी मौका दिया गया है। हालांकि, उन्होंने इस टूर्नामेंट में कोई मैच नहीं खेला है। वनडे विश्व कप में दो शतकों की मदद से 500 से ज्यादा रन बनाने वाले श्रेयस अय्यर भी सीरीज के आखिरी दो मुकाबलों में उपकप्तान के रूप में खेलेंगे।

पिछली कुछ टी20 सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी करने वाले हार्दिक पांड्या चोट की वजह से इस टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह विश्व कप में भी चौथे मुकाबले में तीन गेंद करने के बाद बाहर हो गए थे। इसके बाद वह वापसी नहीं कर पाए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में उनके टीम इंडिया में वापस लौटने की उम्मीद है।

सिनेमा

## वीर दास-एकता कपूर ने जीता एमी अवॉर्ड, बेस्ट एक्ट्रेस बनने से चूकीं शेफाली शाह



इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स 2023 में एक्टर वीर दास ने इतिहास रचा है. बेस्ट यूनीक कॉमेडी के लिए उन्हें ये इंटरनेशनल अवॉर्ड मिला है. एक्टर को फिल्म वीर दास- लैंडिंग के लिए यूनीक कॉमेडी स्पेशल कैटिगरी अवॉर्ड मिला है. वीर दास ने Derry Girls - Season 3 के साथ अपना ये अवॉर्ड शेयर किया है. एमी अवॉर्ड्स में अपनी धाक जमाना वीर दास के लिए बड़ी उपलब्धि है. सालों से एक्टर अपने यूनीक कॉमिक जोनर में शानदार परफॉर्म करते आए हैं. सोशल मीडिया पर वीर दास को फैंस और सेलेब्स बधाई दे रहे हैं. वीर दास की फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है. इसमें एक्टर ने पॉलिटिकल नजरिए से इंडियन-अमेरिकन कल्चर के इंटरसेक्शन पर बात की है. एक शख्स जो इंडिया में पैदा हुआ है और अमेरिका में पला बढ़ा है. मूवी को वीर दास ने खुद डायरेक्ट किया है. वीर दास ने अवॉर्ड जीतने के बाद कहा- लैंडिंग' के लिए सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी के लिए अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कार प्राप्त करते हुए मैं बहुत आभारी हूं. यह मेरी टीम और नेटफ्लिक्स के लिए है जिनके बिना यह संभव नहीं होता. यह यात्रा असाधारण से कम नहीं है, और नेटफ्लिक्स के साथ मेरे पांचवें विशेष के लिए यह प्रशंसा जीतना जुनून, दृढ़ता और दुनिया भर के लोगों के अटूट समर्थन की बुलंदी जैसा लगता है जिन्होंने 'वीर दासः लैंडिंग' को इतना प्यार दिया है. 'यह पुरस्कार सिर्फ मेरे काम की मान्यता नहीं है बल्कि भारत की विविध कहानियों और आवाज़ों का जश्न है. कहानियां जो हमें हंसाती हैं, प्रतिबिंबित करती हैं और, सबसे महत्वपूर्ण बात, एकजुट करती हैं. यह भारत के लिए, भारतीय कॉमेडी के लिए और बड़े पैमाने पर कलाकारों के समुदाय के लिए है.'

## संपादकीय

# सायबर अपराध

अगर आम जनजीवन में सुविधा के लिए चलन में लाई गई कोई तकनीक इस कदर असुरक्षित हो गई है कि इसके इस्तेमाल को लेकर हर वक्त भयग्रस्त और सावधान रहना पड़ता है तो इसे एक आम व्यवस्था बनाने के प्रयासों को कैसे देखा जाए। ऐसी खबरें भी आती रहती हैं कि अवांछित समूहों द्वारा कई तरह से आम लोगों के निजी ब्योरे को कहीं से हासिल करके उसकी खरीद-बिक्री की जाती और इस तरह व्यक्ति की निजता का हनन करने से लेकर साइबर अपराध की भूमिका रची जाती है। तकनीक अपने आप में एक निरपेक्ष संसाधन है, जिसका मकसद मनुष्य के जीवन को ज्यादा सुविधाजनक बनाना रहा है। ज्यों-ज्यों इसका विस्तार होता गया, इसके बहुस्तरीय लाभ भी देश-दुनिया को मिले। मगर इसके समांतर ज्यादातर तकनीकों तक कुछ ऐसे लोगों के हाथ भी पहुंचे, जिन्होंने न सिर्फ उसे अवैध या गलत तरीके से कमाई और ठगी का जरिया बनाया, बल्कि आम लोगों के सामने कई तरह के जोखिम भी पैदा किए हैं। आज ज्यादातर लोग अपने बहुत सारे दस्तावेजी कामकाज के साथ-साथ आर्थिक लेनदेन के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हैं। निश्चित रूप से यह कई मायनों में सुविधाजनक है, लेकिन अब साइबर अपराध का दायरा इस कदर फैलता जा रहा है कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने वालों के लिए हर वक्त सावधान रहने की मजबूरी खड़ी हो गई है। यों साइबर सेंधमारी सरकारों तक के लिए चुनौती बन गई है, लेकिन भारत में इंटरनेट को ठगी और वेबसाइट या ईमेल हैक करने से लेकर भयादोहन तक का जैसा जरिया बना लिया गया है, वह कई स्तरों पर चिंता पैदा कर रहा है। गौरतलब है कि देश के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा कि भारत की साइबर दुनिया में वैश्विक औसत की तुलना में सेंधमारी की घटनाओं में करीब दोगुनी बढ़ोतरी देखी गई है। यह स्थिति तब है जब सरकार से लेकर निजी क्षेत्र तक, सभी ओर से कामकाज के लिए डिजिटल माध्यमों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाता और इसे सुरक्षित बनाने के तमाम इंतजाम करने के दावे किए जाते हैं। मगर हकीकत यह है कि आम लोगों से अलग-अलग तरीकों से साइबर ठगी करने की तो दूर, बेहद सुरक्षित तकनीकी दीवार के भीतर माने जाने वाले अनेक सरकारी संस्थानों से लेकर कुछ बैंकों की वेबसाइटों तक पर बड़े साइबर हमले हो चुके हैं। रोजाना न जाने कितने लोग ऐसे ठगों का शिकार होते हैं और कितनी रकम खातों से उड़ाई जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले दस महीनों में औसतन 1.54 अरब अमेरिकी डालर के लिए साइबर हमला किया गया। इन हमलों में 2022 के बाद से दोगुनी बढ़ोतरी हो गई है।

### अर्ज किया है..!

*यहां बेईमान की वैल्यू बची है, ईमानदार तो किताबों में ही सिमट गए...*

॥ॐ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**निष्फल होना गुनाह नहीं, निरुत्साहित होना गुनाह है...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## Health is Wealth

# जीवन की इन गलतियों से आप भी लें सबक, मिस्टेक से सीखें लाइफ लेसन



अपनी गलतियों को एक्सेप्ट करना कभी भी आसान नहीं होता है, लेकिन अपनी गलतियों से कुछ सीखना लाइफ के सबसे जरूरी तत्वों में से एक है। दरअसल, गलतियां व्यक्ति को आगे बढ़ने, सीखने और खुद को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। हालांकि, ऐसा तभी संभव है जब आप अपनी गलतियों को स्वीकार करेंगे। यहां जानिए कुछ ऐसे लाइफ लेसन के बारे में जो आप अपनी गलतियों से ले सकते हैं। जिसे अपनाकर आप एक बेहतर इंसान भी बन सकते हैं।

### स्पष्ट करें और समझें

गलतियां हमें अपने जीवन में चीजों को स्पष्ट करने में मदद करती हैं। जब भी कोई गलती करता है, तो दिमाग हमेशा आपको गलती ठीक करने का सिग्नल देता है। लाइफ में आगे बढ़ने और अपनी गलतियों से सीखने के लिए अपनी बात को स्पष्ट करें। ऐसा करने पर आपको समझ आएगा की आप क्या गलत कर रहे हैं और इसे कैसे सुधार सकते हैं।

### डर का सामना करें

गलतियों को स्वीकार करने की सबसे अच्छी बात यह है कि इससे हमें अपने डर को जानने में मदद मिलती है और उनसे लड़ने का साहस मिलता है। खुग को बेहतर बनाने के लिए गलतियों को स्वीकार करें और आगे बढ़ें।

### जिम्मेदारियां उठाएं

गलतियां हमें ज्यादा जिम्मेदार होना सिखाती हैं। जब आप गलती मान लेते हैं तो समझ लें कि आप काफी जिम्मेदार हैं। यह न केवल आपकी वर्तमान स्थिति में आपकी मदद करेगा, बल्कि जीवन भर आपकी मदद करेगा।

### चुनौतियों का स्वागत करें

एक बार जब आप गलतियों और अपने बारे में सच्चाई को स्वीकार करना शुरू कर देंगे, तो आप कभी भी नए मौकों की खोज में नहीं फंसेंगे। चुनौतियों का एक मुस्कान के साथ स्वागत करें।

## Highlights

- **Pressure from parents is the problem, not coaching institutes: SC on student suicides**
- **RSS takes out route marches in TN after SC order**
- **Aus Deputy PM pays for nimbu pani via UPI in Delhi; video surfaces**
- **Fight erupts over rasgulla shortage at wedding in Agra, 6 injured**
- **Kerala to revert bus driver uniform to khaki from blue after 8 yrs**
- **My father was a magician: Raj CM Gehlot on being called 'Jadugar'**

# Infosys set to roll out performance bonuses for Sept quarter to 'eligible' employees. Details




**NEW DEIHI, (Agency).** Employees at IT major Infosys are set to receive their performance bonuses for the July to September quarter. The bonuses, to be credited in November, will be in the form of an 80% payout.

The performance bonus, however, is not for all employees. Additionally, the 80% payout is the average; an individual's payout will be as per their performance and contributions in the relevant quarter (Q2FY24).

Who all will receive the payout?

According to an email sent by the Infosys HR team to the tech giant's staffers, the bonuses are only for 'eligible' employees – people at position level 6 (PL6-manager) and below band (those below the manager category, barring entry-level staffers).

"Dear Infoscion, we were able to stay relevant and build a solid foundation for future market share expansions in Q2, despite the challenging environment. You play a pivotal role in the success of our organisation and we look forward to an optimistic quarter with you," the email read.

The email further stated that unit managers will finalise the distribution of payouts for their respective units and inform those eligible, this week.

Infosys appraisal cycle

The Bengaluru-based company began its annual appraisal cycle in October. At the tech firm, appraisals begin in October each year, ending in September of the following financial year. Employees receive their ratings in January, followed by the release of the pay rise letter in June.

# In this kerfuffle, no one is sure where OpenAI, Microsoft or Sam Altman stand

**NEW DEIHI, (Agency).** Even as Silicon Valley and the world beyond struggles to make sense of OpenAI's turmoil, we must remember these very folks are tasked with building artificial general intelligence (AGI)

If you expected a series of announcements yesterday may calm turbulent waters in the Silicon Valley, that hasn't panned out as anticipated. If we are to summarise where




things stand for now, it's an attempt we must somehow make. Microsoft still doesn't know if Sam Altman or Sam Brockman are indeed joining. All Satya Nadella could say in an interview with Bloomberg a few hours ago is, "they're all in the process of joining". A coup, which seemed akin to acquiring crucial parts of artificial intelligence start-up OpenAI for $0 and zero regulatory procedures, suddenly doesn't really seem like one anymore.

# दो लोगों ने की आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मूसाखेड़ी इलाके में रहने वाले एक हलवाई ने एसिड पी लिया। उसे पत्नी अस्पताल ले गई। यहां एक दिन बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर पलासिया में भी एक ड्रायवर ने फांसी लगाकर सुसाइड किया है। दोनों मामलो में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।**

आजाद नगर में रहने वाले जीवन पिता कोंदर सिंह राजपूत ने एसिड पीकर अपनी जान दे दी। परिवार के लोगों ने बताया कि एक दिन पहले वह काम से आया। इसके बाद उसने एसिड पी लिया। हालत बिगडऩे पर उसे एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां सोमवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक जीवन हलवाई का काम करता है। वह मूल रूप से खातेगांव का रहने वाला है। जीवन के परिवार में दो बच्चे और पत्नी है। मंगलवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

इसी प्रकार पलासिया इलाके में रहने वाले एक ड्राइवर ने फांसी लगाकर जान दे दी। सोमवार दोपहर वह खाना खाने घर आया। इसके बाद उसने जान दे दी। पुलिस के मुताबिक घटना देवी इंद्रा नगर की है। यहां रहने वाले बबलू पुत्र रंजीत चौहान ने फांसी लगाकर जान दे दी। बबलू पलासिया इलाके में ही ड्राइवर था। बताया जाता है कि दोपहर में वह खाना खाने घर आया था। बबलू के परिवार में उसकी पत्नी और एक बेटी है। बताया जाता है कि पत्नी भी घटना के समय काम पर गई हुई थी।

# टक्कर के बाद झगड़ा, मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेज गति से जा रहे आटो रिक्शा ने दूसरे आटो रिक्शा को टक्कर मार दी। इसे लेकर विवाद में एक पक्ष ने दूसरे के साथ मारपीट कर दी।**

खजराना पुलिस ने बताया कि हादसा और मारपीट की घटना सुहाना जायका होटल के सामने हुई। अल्फेज पिता आबिद अली निवासी न्यू हीना कालोनी की रिपोर्ट पर पुलिस ने ई रिक्शा क्रमांक एमपी 09 जेडटी 4501 के चालक और उसके साथी पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त की रिक्शा से शादी पार्टी के आर्डर से वापस आ रहा था। तभी रास्ते में उसके दोस्त का आटो रिक्शा दूसरे आटो रिक्शा से टकरा गया। इस बात को लेकर आरोपी आटो रिक्शा चालक ने उसके साथी को गाली गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## यहां पर भी वाहन चालकों में विवाद

चंदननगर इलाके में धार रोड पर डी मार्ट के पास भी वाहन चालकों में विवाद हो गया। पुलिस ने बताया कि साजिद पिता मोहम्मद शकुर निवासी लोहा गेट 12 वीं गली की रिपोर्ट पर आरोपी सौरभ उर्फ कान्हा निवासी पंचमूर्ति नगर और विकास चौधरी पर केस दर्ज किया गया। साजिद ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने मुझे गाड़ी सही से चलाने की बात पर विवाद किया और गालियां दी। गालियां देने से मना किया तो आरोपियों ने हाथ थप्पड से मारपीट की और गाड़ी के कांच खोलकर चेहरे और सिर में मार दिया। जान से मारने की धमकी भी दी।

# बस में लगी आग, पूरी तरह जली फायर ब्रिगेड ने किया काबू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नवलखा बस स्टैंड पर मंगलवार सुबह एक बस में आग लग गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर जाकर काबू कर लिया।**

फायर ब्रिगेड के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि पाटीदार ट्रेवल्स की बस में आग लगी है। यहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर भेजी गई। जिस पर एक टैंक पानी डालकर काबू किया गया है। फायर ब्रिगेड के के अफसरों ने बताया कि बस इंदौर से अहमदाबाद के बीच चलती है। मंगलवार सुबह ड्राइवर बस में वेल्डिंग कराने पहुंचा था। वह दुकान की तरफ जा ही रहा था। अचानक इंजन की तरफ से धुआं निकलने लगा। इसी बीच बस ने आग फैल गई। ड्राइवर बस रोककर बाहर की तरफ कूद गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक संभवत इंजन में खराबी के चलते आग की लगने की घटना हुई है।

पुलिस के मुताबिक बस धारीवाल ट्रेवल्स पर अटैच है। हादसे के समय बस पूरी तरह से खाली थी। आग की सूचना पर बीट के जवान उमाशंकर शर्मा और श्यामू सिंह द्वारा आसपास एकत्रित हुई भीड़ को सुरक्षित घटनास्थल से हटाया गया। आग के समय कई लोग बस के पास जाकर उसका वीडियो बनाने में जुटे हुए थे। जिसमें जनहानि की संभावना बन गई थी।

## पानी के विवाद में महिलाओं ने एक दूसरे को पीटा

**इंदौर।** सदर बाजार इलाके में पानी को लेकर हुए विवाद में महिलाएं आपस में झगड़ पड़ी। दोनों ने एक दूसरे को जमकर पीटा और दातों से काट लिया। पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना जती कालोनी में एक अपार्टमेंट में हुई। उमा जायसवाल ग्राम भगवार जिला सीधी हाल मुकाम जती कालोनी की रिपोर्ट पर आरोपी रानी खजूरिया और इनके दो बेटों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। हमले में सुमन जायसवाल घायल हो गई। उमा जायसवाल ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने घर में घुसकर गालियां दी और लात घूसों से मारपीट की। इधर पुलिस ने दूसरे पक्ष से रानी खजूरिया की रिपोर्ट पर आरोपी उमा जायसवाल अरौ सुमन जायसवाल पर भी केस दर्ज किया है। रानी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने पी की बात को लेकर उससे विवाद किया गालियां दी और मारपीट कर दातों से काट लिया। जान से मारने की धमकी धमकी दी।

## टक्कर से परिवार घायल

**इंदौर।** तेज रफ्तार कार के चालक ने हातोद में एक दंपत्ति को टक्कर मार दी। हादसे में वे घायल हो गए। थाना हातोद पुलिस ने बताया कि हादसा सरकारी अस्पताल के सामने हुआ। अंकित पिता सतीश सोनगरा निवासी नई आबादी की रिपोर्ट पर कार एमपी 09 बीडी 2009 के चालक पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपी कार चालक ने तेजगति और लापरवाही से कार चलाकर उनके ई रिक्शा में सामने से टक्कर मार दी इससे वह पत्नी और भ ाई को चोंट आई।

# 1.80 करोड़ की धोखाधड़ी में कॉलोनाइजरों पर प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सांवेर तहसील के ग्राम भांगिया में तिरुपति इंडस्ट्रीज पार्क कॉलोनी विकसित करने वाले त्रिमूर्ति डेवलपर्स के कॉलोनाइजरों पर फरियादी ने एक करोड़ 80 लाख की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ बाणगंगा थाने में केस दर्ज कराया है।

फरियादी सुरेशचन्द्र पिता जगदीशचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि उसने कॉलोनाइजर मनीष पिता राजाबाबू अग्रवाल, महेश पिता मोहनलाल गर्ग, भावेश पिता महेश गर्ग, रमेशचन्द्र बंसल द्वारा भूखंड क्रमांक आई-40, 41, 42, 43, 44, 800 रु. प्रति वर्गफीट के हिसाब से क्रय किए थे। भूखंड पेटे आंशिक भुगतान 80 प्रतिशत राशि 1,90,00,000 रु. चेक से अदा किए थे। इसके बाद कॉलोनाइजर ने भूखंड क्रमांक 40 वापस लेकर एक लाख रुपए वापस कर दिए थे। कॉलोनाइजर ने फरियादी को डायरी बनाकर दी, जिसमें 70,00,000 रु. के स्थान पर मात्र 70,000 रु., 50,00,000 रु. के स्थान पर 50,000 रु. लिखे। फरियादी ने जब भूखंडों की रजिस्ट्री कराने हेतु कहा तो टालमटोल किया गया। परेशान होकर फरियादी ने अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष कॉलोनाइजर की शिकायत की। शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी ने कॉलोनाइजर पर धारा 420 का अपराध दर्ज करने के आदेश 1.12.2022 को बाणगंगा पुलिस को दिए, फिर भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। फरियादी द्वारा पुनः अपर कलेक्टर को शिकायत की गई। उन्होंने कॉलोनाइजर को तलब किया। कॉलोनाइजर ने स्वीकार किया कि फरियादी द्वारा फर्म में रुपए जमा किए थे। इस पर अपर कलेक्टर ने दिनांक 3.3.2022 को कॉलोनाइजर पर कार्रवाई नहीं की। फरियादी को सिविल न्यायालय में कार्रवाई करने का सलाह दी। फरियादी ने फिर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के समक्ष कॉलोनाइजर के विरूद्ध परिवाद प्रस्तुत किया गया। परिवाद में साक्षीगण के कथन के आधार पर 28.10.2023 को आदेश पारित करते हुए कॉलोनाइजर पर धारा 420 का केस दर्ज किया गया। फरियदी की ओर से पैरवी अधिवक्ता विनोद कुमार वर्मा द्वारा की गई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।